**भारत सरकार**

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या**: 297

**दिनांक** 09 **अगस्त**, 2021

**रसोई गैस सिलिंडर पर राजसहायता**

*297. **श्रीभगवंत मान**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में घरेलू रसोई गैस पर मिलने वाली राजसहायता को समाप्त कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री**

(**श्री हरदीप सिंह पुरी**)

(**क**) **और** (**ख**): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

‘‘**रसोई गैस सिलिंडर पर राजसहायता**’’ **के संबंध में संसद सदस्य श्री श्रीभगवंत मान द्वारा पूछे गए दिनांक** 09.08.2021 **के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या** 297 **के भाग** (**क**) **और** (**ख**) **के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) और (ख): देश में पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में संबंधित उत्पादों के मूल्य से संबद्ध होते हैं। सरकार राजसहायता प्राप्त घरेलू एलपीजी के संबंध में उपभोक्ता के लिए प्रभावी मूल्य को आवश्यकतानुसार घटाती-बढ़ाती रहती है। तथापि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाले बदलावों के अनुसार ओएमसीज द्वारा गैर राजसहायता प्राप्त घरेलू एलपीजी के मूल्य निर्धारित किए जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उत्पाद मूल्य में वृद्धि/कमी तथा राजसहायता पर सरकार के निर्णय के अनुसार उत्पाद पर राजसहायता बढ़ाई/घटाई जाती है।

***